## महत्वपूर्ण एवं खास

### उप अभियंता एवं उप प्रबंधक की लिखित परीक्षा 3 फरवरी को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल/वि.या.) एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड रायपुर के अंतर्गत उप प्रबंधक (वानिकी) की भर्ती परीक्षा 3 फरवरी को व्यापम द्वारा निर्धारित 18 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई है।

### टाटा मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी-हैरियर लॉन्च की

रायपुर (आरएनएस)। टाटा मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी हैरियर लॉन्च की है। ऑटो एक्स्पो 2018 में पहली बार अपने कॉन्सेप्ट एचएक्स को प्रदर्शित करने के बाद से ही इसने सभी को प्रभावित किया है। हैरियर आज से ही भारत में टाटा मोटर्स के अधिकृत सेल्स आउटलेट्स में 12.69 लाख रूपये एक्सशोरूम इंदौर की शुरूआती कीमत में बिक्री के लिये उपलब्ध होगी।

### मोबाईल पर कॉल करके पेटीएम के माध्यम से 20 हजार की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। पेटीएम से हजारों रुपये ट्रांसफर कर धोखाधड़ी किये जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मठपुरैना भाठागांव टिकरापारा निवासी प्रियंका पाल 33वर्ष पति जोगेश्वर प्रसाद पाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मठपुरैना टिकरापारा में मोबाईल फोन पर कॉल कर क्रेडिट कार्ड से पेटीएम के माध्यम से 20 हजार रुपये निकाल लिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाईल नंबर को ाजंच में लेकर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग, मौत

**सुपेला रेल्वे क्रासिंग की घटना**

भिलाई (आरएनएस)। बीतीरात एक प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। दोनों प्रेमी जोड़ा एक ही गांव के रहने वाले हैं। हादसा सुपेला क्रासिंग के पास की है। दोनों ने दुर्ग-अमरकंटक एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या की है। प्रेमी युगल की उम्र 20- 25 साल की बताई जा रही है। मृत युवक की पहचान कुथरेल निवासी विक्रम के रूप में कई गई जबकि युवती भी उसी गांव की रहने वाली है। सुपेला थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गईभ। पुलिस ने दोनों के शव को दुर्ग मरचुरी भेज दिया है। हालांकि आत्महत्या का कारण अभी तक साफनही है। बताया जा रहा है दोनों के घर वाले दोनों के रिश्ते से खुश नहीं थे, शादी नहीं होने से हताश दोनों ने आत्महत्या कर ली।

### देव संस्कृति विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या 1 फरवरी को रायपुर आयेंगे

रायपुर (आरएनएस)। देव संस्कृति विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या जी 1 फरवरी को शाम 7 बजे विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुचेंगे। गायत्री परिवार दक्षिण पूर्वी जोन के केन्द्रीय प्रभारी गंगाधर चौधरी ने बताया कि डॉ. चिन्मय पण्ड्या छत्तीसगढ़ में चार दिनों के लिए रहेंगे जिसके अंतर्गत 2 फरवरी को चंपारण, 3 फरवरी को धमतरी एवं 4 फरवरी को जालबांधा में चल रहे शक्ति संवर्धन 108 कुण्डीय यज्ञ में विशाल जन समूह को संबोधित करेंगे।

### दहेज की मांग कर शारीरिक व मानसिंक प्रताड़ना, ससुरालियों पर मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शादी में दहेज नही लाने की बात को लेकर महिला के साथ शारीरिक व मानशिक रुप से प्रड़ाति किये जाने की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर रायपुर निवासी महिला 26 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शादी के बाद 4 फरवरी 2018 से लेकर 29 जनवरी 2019 तक दहेज नही लाने की बात को लेकर नर्मदापारा गंज में ससुराल पक्ष के नितेश कुमार मिश्रा व किरण मिश्रा एवं प्रियंका मिश्रा सहित जय प्रकाश मिश्रा द्वारा आये दिन गाली-गलोज कर शारीरिक व मानसिंक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। प्राथिय्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 498 ए,506,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### नक्सलियों ने मुख्य मार्ग में फेंके भारी मात्रा में बैनर पोस्टर

भानूप्रतापपुर (आरएनएस)। पखांजूर नक्सलियों ने फेके भारी मात्रा में बैनर पोस्टर छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सीमा में एवं पिव्ही नॉ 25 के तालाब जो सड़क पिव्ही नॉ 18 एवं पिव्ही नॉ 16 की ओर जाती हैं उक्त सड़क में भारी मात्रा में फेंके बैनर पोस्टर।जबकि पखांजूर मुख्यलय से महज 4 किलोमीटर दूर ही स्थित है। नक्सलियों ने 25 से 31 जनवरी तक समाधान के लिए किया था बंद का किया था एलान पर्चे फेकने से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल। थम गया गाड़ियो के पहिए। आवाजाही हुआ बाधित महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश जैसे कई राष्ट्र के मुसाफिर रुके पखांजूर आवाजाही हुआ बाधित गोण्डाहुर एवं पखांजूर थाना क्षेत्र का मामला।

### सुभाषनगर से लापता बच्चो स्टेशन में मिले

**सकुशल बच्चों के मिलने पर परिजनों ने ली राहत की सांस**

रायपुर (आरएनएस)। सुभाष नगर से लापता तीन बच्चे परिजनों की डांट फटकार के चलते घर से भाग गये थे। सूचना मिलने पर आज खमतराई पुलिस ने बच्चों के साथ बैठकर घर से भागने की वजह पूछी साथ ही यह भी जानकारी ली की घर से गायब होने के बाद वे कहा-कहा गये। ज्ञात हो कि 29 जनवरी की रात्रि उरला थाने में परिजनों ने गौरव सिंह 12 वर्ष व नैतिक सिंह एवं अमनदीप सिंह तीन बच्चों की सुभाष नगर से लापता हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# भाजपाई कितना भी तिलमिलाये नान, झीरम, अंतागढ़ का सच सामने आयेगा : कांग्रेस

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा प्रवक्ताओं के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाई रमन सिंह की चाटुकारिता बंद कर आत्म अवलोकन करें अन्यथा छत्तीसगढ़ मे भारतीय जनता पार्टी बीते दिनों की पार्टी बन जाएगी। अपनी सरकार के द्वारा किए गए नान घोटाले और जीरम नरसंहार, अंतागढ़ खरीदी कांड की जांच से तिलमिलाये रमन सिंह खुद को शेर





साबित घोषित कर रहे। भाजपाई अपने घोटालेबाज नेता के बचाव में बयानबाजी कर रहे। चाउर वाले बाबा का स्वांग रचे बैठे रमन सिंह का नान घोटाले उजागर होते ही बेनकाब हो गए। चाउर वाले बाबा घोटाले वाले बाबा के रूप में सामने आए। जिसे पीडीएस सिस्टम का झूठा बखान करके रमन सिंह राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार पाने में सफल हुए थे, उसको भी नहीं छोड़ा। नान में 36 हजार करोड़ का घोटाला हो गया। नान घोटाला गरीबों के हक के राशन में डाका था, इसके गुनहगारों को सलाखों के पीछे डालने के लिए यदि जांच हो रही है तो भाजपाई घबरा क्यों रहे हैं? जांच हो जाने दो सच्चाई सामने आ जाएगी। अंतागढ़ में लोकतंत्र की हत्या के षड्यंत्रकारी जांच के शुरुआती दौर में इतना छटपटा क्यों रहे हैं? जब कांग्रेस के प्रत्याशी की खरीद-फरोख्त कर रहे थे तब तो खुद को खुदा होने का गुमान था।

अब जांच के नाम पर बद्धजुबानी करके विरोधी को सियार बोल रहे हैं। भाजपाई कितना भी तिलमिलाये छत्तीसगढ़ की जनता नान जीरम और अंतागढ़ का सच जानना चाहती है। अपराधियों और गुनाहगारों को सलाखों के पीछे देखना चाहती है।

## भगवान श्रीराम के पद चिन्हों पर चलने वाला निषाद समाज : भूपेश बघेल

**मुख्यमंत्री शामिल हुए भक्त गुहा निषाद राज जयंती समारोह में**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल शाम दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम भोथली में आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जयंती समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि निषाद समाज भगवान श्रीराम के पद चिन्हों पर चलने वाला सरल और सहज समाज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भक्त गुहा निषाद राज, समाज के आदर्श और गौरव हैं, जिन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान नदी पार कराकर मदद की है। निषाद समाज के ऊपर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि यह समाज मेहनतकश समाज हैं, जो रोज मेहनत कर अपना जीवनयापन करने पर विश्वास रखता है।



### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 मार्च को

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 02 मार्च**

धमतरी (आरएनएस)। राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिला मुख्यालय स्तर पर यह चयन परीक्षा आगामी 17 मार्च को सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें प्रावीण्यता के आधार पर कुल 60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, इनमें 30 बालक और 30 बालिकाएं सम्मिलित हैं। चयन परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी 02 मार्च तक आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर संबंधित स्कूल में जमा कर सकते हैं।

## नक्सलियों ने पहली बार सरकार से अपने मुख्य आधार क्षेत्रों में विकास की मांग की

**17 सूत्रीय मांगों को लेकर नक्सलियों ने पर्चा जारी किया**




बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद अब नक्सलियों में भी परिवर्तन की उम्मीद दिखने लगी है। नक्सलियों द्वारा पहली बार सरकार के नाम 17 सूत्रीय मांगों को लेकर पर्चा जारी किया है जिसमें उन्होंने अपने मुख्य आधार इलाकों में विकास की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले का घोर नक्सल प्रभावित व नक्सलियों का मुख्य आधार क्षेत्र माना जाने वाले पामेड़ के नक्सली एरिया कमेटी द्वारा पर्चा जारी कर अपने 17 सूत्रीय मांगों को सरकार के सामने रखते हुए, पिछड़े इलाकों का विकास करने की मांग की है। नक्सलियों की प्रमुख मांगो में आश्रम, अस्पताल और स्कूल के साथ साथ शिक्षकों और डाक्टरों की नियुक्ति करने, युक्ति युक्तकरण के तहत राज्य भर में बन्द किये गए 3000 स्कूलों को पुनः चालू करने सरकार से गुहार लगाई है, वही नक्सलियों ने कॉलेजो में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग भी उठाई है।

हमेशा विनाश के रास्ते पर चलने वाले नक्सलियों ने पहली बार अपने आधार इलाके में सरकार से विकास की मांग करने लगे है। जबकि नक्सली लगातार सड़क निर्माण कार्य मे लगे वाहनों में आगजनी, ठेकेदार और मुंशियों की हत्या कर सड़क निर्माण का कार्य बंद करने की चेतावनी दे रहे है। पूर्व में अंदरूनी क्षेत्रो में बने स्कूल, अस्पताल भवनों को नक्सलियों ने ही क्षतिग्रस्त कर दिया था, किन्तु अब अपना पैंतरा बदलते हुए विकास की मांग करने लगे हैं।

## वाहनों से अवैध वसूली करने वालों ने की पत्रकारों से मारपीट, लूटपाट

**पिपलावण्ड में असामाजिक तत्वों द्वारा वाहनों चालकों से अवैध वसूली का चल रहा बेखौफ कारोबार**

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले के पिपलावण्ड में गठित पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा वाहनों के जांच के नाम पर खुला आतंक मचा रखा है। ग्रामीण इलाकों में रिपोर्टिंग के लिये पहुंचे पत्रकारों के साथ भी सदस्यों ने मारपीट और लूटपाट की वारदात की। पुलिस के मौके पर पहुंचने के



बाद आरोपी भाग खड़े हुए। समिति के अध्यक्ष मंगल बघेल के खिलाफ पूर्व में भी थानों में कई शिकायतें दर्ज हैं। राजनीतिक दल का संरक्षण होने के कारण आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

**समिति द्वारा खुलेआम उगाही**

ज्ञातव्य हो कि बस्तर विकास खण्ड के पिपलावण्ड में एक दर्जन गिट्टी क्रशर संचालित हैं। इन क्रशरों से विभिन्न विकास कार्यो के लिये गिट्टी रायल्टी चुकता कर भेजी जाती है। यहां से निकलने वाहनों को गांव में गठित टीम के सदस्यों रोककर अवैध वसूली करते हैं।

### सिगरेट का पैसा मांगने पर दूकानदार की पिटाई, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सिगरेट का पैसा मांगने पर गुमटी चला रहे युवक की पिटाई किये जाने की रिपोर्ट सरस्वतीनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार डगनिया तलाब पास डीडी नगर निवासी कौशल साहू18 वर्ष पिता प्रेमलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि साईन्स कालेज मैदान में दीनेश नेताम एवं अन्य साथियों ने प्रार्थी के ठेला से सिगरेट लिए जिसका पैसा मांगने पर विवाद कर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं डण्डा से मारकर घायल कर दिया।

### कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस भर्ती परीक्षा 3 फरवरी को

रायपुर (आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस भर्ती परीक्षा 03 फरवरी को आयोग द्वारा निर्धारित रायपुर शहर स्थित चार परीक्षा केंद्र में आयोजित की जाएगी।

### पंचायतों की मतदाता सूची बनाने में लापरवाही पर हो सकता है कारावास

दतिया (आरएनएस)। पंचायतों की मतदाता सूची बनाने में लापरवाही पर दो वर्ष तक का कारावास हो सकता है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम में संशोधन किया गया है। संशोधन अनुसार मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि का पुनरीक्षण करने या उसमें नाम शामिल करने अथवा हटाने के लिए नियुक्त तथा प्राधिकृत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या कोई अन्य व्यक्ति को अधिनियम के उपबंधों के अधीन सौंपे गए कार्यों का निर्वहन नहीं करने पर कारावास की सजा दी जा सकेगी। साधारण कारावास की सजा तीन माह से कम की नहीं होगी।

## अनुविभाग एवं तहसील कार्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती 8 फरवरी से

**उम्मीदवार किसी प्रलोभन में न आएं**


जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। कार्यालय कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा के अनुविभाग एवं तहसील कार्यालयों में रिक्त सहायक ग्रेड-3, वाहन चालक, चतुर्थ श्रेणी के भृत्य, चौकीदार, फर्राश एवं प्रोसेस सर्वर के पदों पर सीधी भर्ती लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इन पदों पर 8, 9 एवं 10 फरवरी को कौशल/ लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त पदों पर दावा-आपत्ति उपरांत अंतिम वरियता सूची का प्रकाशन जिले की वेबसाइट http/janjgir-champa.nic.in किया गया है। कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने उम्मीदवारों से अपील की है कि वे किसी तरह के बाहरी तत्वों के प्रलोभन में न आए। अगर उन्हें किसी तरह का प्रलोभन सरकारी नौकरी लगाए जाने को लेकर दिया जाता है तो इसकी शिकायत मोबाइल नंबर या फिर सीधे कार्यालय आकर कर सकते हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजीत वसंत ने बताया कि सहायक ग्रेड-3 के 13 पद रिक्त थे, जिसमें 1 पद पर अनारक्षित वर्ग में अनुकम्पा नियुक्ति किए जाने के कारण 12 पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। वहीं वाहन चालक के 10 रिक्त पद, भृत्य के 27 रिक्त पद, चौकीदार के 10 रिक्त पद, फर्राश के 5 रिक्त पद एवं प्रोसेस सर्वर 12 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया 8, 9 एवं 10 फरवरी को होगी।

## अगले चार माह में खुलेंगी 1000 गौ शालाएं, एक लाख निराश्रित गौ-वंश को मिलेगा आसरा

**मुख्यमंत्री कमल नाथ ने दिए प्रोजेक्ट गौ-शाला पूरा करने के निर्देश**

रायसेन (आरएनएस)। राज्य सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अगले चार माह के भीतर 1000 गौ-शालाएं खोलने का निर्णय लिया है। इसमें एक लाख निराश्रित गौ-वंश की देख-रेख होगी और 40 लाख मानव दिवसों का निर्माण होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक कोई भी शासकीय गौ-शाला नहीं खोली गयी थी।



**वचन पत्र का एक और वचन पूरा**

मुख्यमंत्री कमल नाथ ने मंत्रालय में वचन पत्र का एक और वचन पूरा करते हुए प्रोजेक्ट गौ-शाला को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। ग्रामीण विकास विभाग प्रोजेक्ट गौ-शाला का नोडल विभाग होगा। ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूह, राज्य गौ-संवर्धन बोर्ड से संबद्ध संस्थाएं एवं जिला समिति द्वारा चयनित संस्थाएं प्रोजेक्ट गौ-शाला का क्रियान्वयन करेंगी।

## मीटू में लड़कियों को जस्टिस नहीं पब्लिसिटी चाहिए: पल्लवी जोशी

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने जब मीटू अभियान की शुरुआत की थी तब उन्होंने नाना पाटेकर के अलावा निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के खिलाफ भी बयान दिया था कि वह फिल्म चॉकलेट की शूटिंग के दौरान कपड़े उतारकर फिल्म के हीरो के साथ डांस करने को कहा था। हालांकि विवेक ने तनुश्री की बातों को सिरे से नकार दिया था। अब मीटू अभियान पर बात करते हुए विवेक अग्निहोत्री की पत्नी और जानी-मानी अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने कहा है कि इस अभियान के तहत आई तमाम शिकायतों में सिर्फ तीन से चार शिकायतें सही हैं, बाकी सब आरोप लड़कियों ने पब्लिसिटी पाने के लिए किए हैं। राजकुमार हिरानी पर आरोप पर पल्लवी कहती हैं, राजकुमार हिरानी पर जब यौन शोषण का आरोप लगा तो मैं शॉक्ड हो गई। इस मीटू अभियान को लेकर मेरी सोच थोड़ी अलग है। महिलाओं का असली शोषण यूपी के कई गांव में होता है। कई इलाकों में लड़कियों का घर से निकलना मुश्किल है, जैसे ही लड़कियां घर से बाहर निकलती हैं, रोड साइड रोमियों उन्हें देखते ही गंदे और घटिया कॉमेंट करने लगते हैं। वे महिलाएं हर दिन यही लाइफ जीती हैं।



मीटू अभियान पर बात करते हुए पल्लवी ने कहा, वाकई में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी प्रताड़ना को लेकर आवाज उठानी है तो उन गांव की महिलाओं के लिए उठाइए। जब वहां के चीफ मिनिस्टर ने उन रोड साइड रोमियो को जेल में डालने की कोशिश की तब भी विरोध हुआ। उस समय कहा जाता है कि लड़के हैं, ऐसा ही करेंगे, लेकिन काम करने की जगह में जब को-वर्कर कहते हैं कि आप बहुत सुंदर लग रही हैं, तो लड़कियों को समस्या नहीं होती और जब वही साथी आपकी छाती को थोड़ा सा देख लिया तो आप यौन उत्पीड़न का शिकार हो गईं?

## मणिकर्णिका.. 500 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाएगी : मिष्टी

मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी में काशीबाई की भूमिका निभाने वाली मिष्टी चक्रवर्ती का कहना है कि वह फिल्म उद्योग में नंबर गेम में यकीन नहीं करती हैं लेकिन आजकल चलन ऐसा है कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नई फिल्म 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करेगी। मिष्टी यहां दिलीप साहू के फ्लाइकिंग फिल्म एकेडमी के लॉन्च के मौके पर मौजूद थीं।



मणिकर्णिका.. ने जहां शुक्रवार को धीमी शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन शनिवार को इसने 18.1 करोड़ रुपये की कमाई की। मिष्टी ने कहा, मैं कमाई के आधार पर आकलन करने में यकीन नहीं करती लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करने की जरूरत है क्योंकि यह ट्रेंड है। हम एक फिल्म की सफलता का आकलन उसकी कमाई के हिसाब से करते हैं तो व्यक्तिगत तौर पर भले ही इसमें यकीन करूं या न करूं, यह हमारी जरूरत है।

### कॉमेडी से ज्यादा भी कर सकता हूं : तलपड़े

श्रेयस तलपड़े ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत इकबाल और डोर जैसी फिल्मों में गंभीर भूमिकाएं निभाकर की थी, लेकिन उनकी कॉमेडी वाली भूमिकाओं ने उन्हें आम दर्शकों में लोकप्रिय बनाया। अभिनेता का कहना है कि वह अब अलग-अलग तरह की भूमिकाएं करना चाहते हैं, क्योंकि वह कॉमेडी से कहीं ज्यादा कुछ कर सकते हैं। श्रेयस ने किसी एक तरह की भूमिका के साथ जोड़ने के नफा-नुकसान पर चर्चा की।



## प्रेग्नेंसी के शुरूआती महीनों में सूर्य नमस्कार करने से होंगे ये लाभ

प्रेग्नेंसी के दौरान स्वस्थ रहने के लिए हल्की-फुल्की कसरत, योग और प्राणायाम करने की सलाह अक्सर दी जाती है। इसे सुनकर पहले पहल लोगों के मन में सवाल उठता है कि गर्भावस्था के दौरान क्या आसन या प्राणायम किया जा सकता है। जानकारों का मानना है कि योगासन विशेषकर सूर्य नमस्कार प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही में गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छी कसरत है।



हालांकि सूर्य नमस्कार को गर्भवती महिला के लिए आदर्श कसरत माना जाता है फिर भी इसे करने से पहले अपने डॉक्टर से अवश्य संपर्क कर लें। प्रेग्नेंसी में सूर्य नमस्कार करने से निम्न फायदे होते हैं:

**शरीर में लचीलापन आता है**

गर्भावस्था में शरीर का वजन धीरे-धीरे बढ़ता है।